तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 मई 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 बच्चों को नैतिक मूल्यों, राजयोग और अच्छे ...


14 पीड़ित परिवार से मुलाकात करने सेवाती पहुंचे ...


## खबर संक्षेप



### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**महासमुंद।** जिले के बसना क्षेत्रांतर्गत आने वाले ग्राम आमापाली के तालाब में दादी के साथ नहाने गए 7 वर्षीय बालक की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 मई को सुबह करीब 11 बजे प्रियांशु सोनी पिता रमेश सोनी निवासी आमापाली अपनी दादी के साथ गांव के मंदिर तालाब नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। उसे तालाब से बाहर निकालकर शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### महिला ने जहर सेवन कर दी जान

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगाझर में एक महिला ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 11 मई को दोपहर करीब 2 बजे रीनाबाई साहू पति सत्य नारायण साहू (34) निवासी डोंगाझर ने अपने घर पर अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सफाई: अभियान के कारण मोहल्ले साफ सुथरे लेकिन, नालियां उगल रहे मलबा

# नालियों में प्लास्टिक कचरा, यूजर चार्ज देने में भी कर रहे हीला हवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर की नालियां बदस्तूर प्लास्टिक कचरा

- रोजाना शहर के सभी वार्डों से लगभग 13 टन गीला और सूखा कचरा मणिकंचन केंद्रों तक पहुंचा रही स्वच्छता दीदीयां

उगल रही हैं। मिशन क्लीन सिटी के तहत गीला और सूखा कचरा के लिए स्वच्छता दीदीयां घरों घर तो पहुंच रही हैं। बावजूद इसके जागरुकता की कमी के चलते नालियों में कचरा फेंका जा रहा है। वहीं, लोग यूजर चार्ज देने में भी काफी पीछे हैं। हर माह वसूली के लक्ष्य का आधा की कलेक्ट हो रहा है। बता दें कि रोजाना शहर के सभी वार्डों से लगभग 13 टन गीला और सूखा कचरा मणिकंचन केंद्रों तक स्वच्छता दीदीयां पहुंचा रही हैं।

बता दें कि मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत शहर के 30 वार्डों सहित हाउसिंग बोर्ड कालोनी में हर दिन सुबह 117 सफाई मित्र घर-घर पहुंचकर घरों-दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों से कचरा कलेक्शन कर मणिकंचन केंद्र पहुंचाती हैं जहां गीला कचरा अलग कर खाद बनाने की प्रक्रिया अपनाई जातीहै। वहीं सूखा कचरा को कबाड़ियों को बेचा जाता है। इसी का परिणाम है कि शहर के मोहल्लों में यत्र तत्र कचरे नजर नहीं आ रहे लेकिन, नालियों में फेंके जाने वाले कचरे से नालियां प्लास्टिक उगल रही है।



#### लक्ष्य 4 लाख, वसूली मात्र डेढ़ लाख

प्रतिमाह कचरा कलेक्शन के एवज में यूजर चार्ज वसूली जाती है। नगर पालिका यूजर चार्ज वसूली में भी पिछड़ रही है। प्रतिमाह 4 लाख रुपये वसूली का लक्ष्य रहता है। इसमें 1.50-1.70 लाख ही वसूली हो पाती है। होटलों, रेस्टोरेंट का बकाया ज्यादा है। गत वित्तीय वर्ष के आंकड़ों पर एक नजर डालें तो 35.98 लाख यूजर्स चार्च का लक्ष्य रखा गया था जिसमें मात्र 15 लाख 56 हजार 513 रुपए की वसूली की जो 43.26 प्रतिशत रहा।

#### कचरा आय का जरिया

प्रभारी नौशाद बख्श बताते हैं कि कि गीला कचरा से खाद बनता है जिसका उपयोग पालिका के उद्यानों में होता है और केंचुआ खाद का विक्रय भी किया जाता है। इससे प्राप्त आय का साढ़े 3 प्रतिशत लाभांश सफाई मित्रों को दिए जाने के साथ हर माह कबाड़ियों को 50-55 हजार का सूखा कचरा बेचा जाता है। जिसकी राशि सफाई मित्रों में वितरित होती है।

#### वसूली में बरती जाएगी कड़ाई

यूजर चार्ज वसूली के मामले को लेकर सीएमओ टॉमसन रात्रे ने कहा है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के कारण यूजर्स चार्ज की वसूली प्रभावित रही। अब भी जो लोग यूजर चार्ज नहीं दे रहे हैं उनकी लिस्ट तैयार कर कड़ाई से यूजर चार्ज वसूले जाने के लिए नियमानुसार नोटिस भेजा जाएगा।



#### प्रतिबंध के बाद भी हर दिन निकल रहा 16 क्विंटल प्लास्टिक कचरा

जुलाई 2022 में 19 प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद शहर से हर दिन लगभग 16 क्विंटल प्लास्टिक कचरा निकलता है। बाजार में प्लास्टिक का पर्याप्त विकल्प न होने से दुकानदार बेखौफ इसका उपयोग कर रहे हैं। मालूम हो कि प्रतिबंधित प्लास्टिक में डिस्पोजेबल गिलास, चम्मच, गुब्बारे की डंडी, कैंडी स्टीक, आइसक्रीम स्टीक, कैरी बैग, झंडे, थर्माकोल से बनी प्लेट, ग्लास, कटलरी व अन्य जो सौ माइक्रोन से कम बनी हो बैन है, पर बाजार में इसका खूब चलन है। पालिका द्वारा सब्जी मंडी, ठेला खोमचा पर कार्रवाई की जाती है पर पालिका इनके विक्रय करने वालों पर नकेल नही लगा रही जिसके कारण सिंगल यूज का धंधा खूब फल-फूल रहा है।

# एमई-3 दंतैल की आमद से दहशत, क्षेत्र में अलर्ट घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में एक बार फिर हाथियों की दस्तक से दर्जन भर गांवों में दहशत का माहौल है। जानकारी के मुताबिक गर्मी के कारण पानी एवं भोजन की तलाश में रिहाइशी इलाकों की ओर रुख कर रहे है। इसी के चलते एमई-3 दंतैल एक बार फिर जिले की सीमा के भीतर पहुंच गया। शनिवार रात दंतैल बलौदाबाजार से महासमुंद वनमंडल पहुंच गया। सुबह होने तक एनएच-53 को पार कर कोडार व लोहारडीह के जंगल में पहुंच गया। रविवार शाम तक दंतैल इसी क्षेत्र में विचरण कर रहा था। इसके बाद वन विभाग ने आसपास के गांवों को अलर्ट किया है। बतादें कि सप्ताहभर पहले दंतैल एमई-3 गरियाबंद क्षेत्र से जिले में आया था। इसके बाद 4 दिन तक जिले में विचरण करता घूम रहा था। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के कि गांव जीवतरा, कोना, खट्टी होते हुए एनएच-353 को पार किया। फिर जिला मुख्यालय के करीब बसे गांव गौरखेड़ा और दलदली के जंगल में पहुंच गया। फिर कोडार पार कर एनएच-53 क्रॉस कर सिरपुर क्षेत्र में पहुंच गया। गुरुवार रात दंतैल जिले की सीमा से निकलकर बलौदाबाजार रेंज में चला गया। इसके बावजूद दंतैल जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ही विचरण कर रहा था। इसलिए संभावना थी कि वह कभी भी वापस जिले की ओर आ सकता है। शनिवार रात दंतैल फिर से जिले की ओर आ गया। अब रविवार को जिला मुख्यालय से करीब 10-12 किलोमीटर की दूरी पर विचरण कर रहा था।

#### कई बार कर चुका हमला

एमई-3 हाथी कई बार जिले में विचरण कर चुका है। यह अन्य हाथियों से थोड़ा आक्रामक है। इससे पहले एमई-3 के हमले से कई लोगों की मौत हो चुकी है। यह दंतैल कुछ समय पहले राज्य से बाहर चला गया था। कुछ दिन पहले वापस आया और अपने पुराने रूट में आगे बढ़ते हुए धमतरी पहुंचा। इस दौरान दंतैल ने धमतरी जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण करते एक महिला को पटककर मार दिया था। इसके बाद गरियाबंद व महासमुंद पहुंचा।

#### गांवों में अलर्ट जारी

हाथी के विचरण से क्षेत्र के आसपास आने वाले कई गांवों को अलर्ट किया गया है। साथ ही विचरण क्षेत्र में ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से मना किया जा रहा है। अलर्ट ग्राम में और कोडार, लोहारडीह, बंजारी, घोंघीबाहरा, बनसिवनी, सोरिद, गौरखेड़ा, दलदली, उमरदा, अरंड, सिरगिड़ी, पतेरापाली, कोसरंगी, झालखम्हरिया, बोरियाझर, केशवा शामिल है।

#### हाथियों की हलचल से बढ़ी किसानों की समस्या

हाथी के विचरण से किसानों को काफी मुसीबत को सामना करना पड़ता है। वर्तमान में रबी सीजन के धान फसल की कटाई चल रही है एवं तेंदूपत्ता के संग्रहण करने का काम जोरों पर है जिससे हाथियो के आने से किसानों एवं तेंदूपत्ता संग्राहकों के मन मे दहशत का महौल बना हुआ है। वहीं कई किसानों ने धान कटाई कर ब्यारा में रखा है। फसल को हाथी द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने की संभावना है। इसलिए किसान हाथियों के हलचल से परेशानी बढ़ती नजर आ रही है।

# जो प्रलोभन से दूसरे धर्म में जा रहे वे भी सनातनी, फिर लौटेंगे ही: नरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अब हिन्दू धर्म शाश्वत नहीं रह गया है, यह कुछ लोगों के लिए आर्थिक लाभ का जरिया बन गया है। धर्म एक है, लक्षण अलग-अलग हो सकता है। हम न कोई दक्षिणा लेते हैं और न ही कोई उपहार जो भी भागवत कथा में चढ़ावा आता है उसका उपयोग हम गरीब और जरूरतमंद बेटियों के विवाह में खर्च करते है। उक्त बातें चाय वाले बाबा के नाम से प्रख्यात सिलयारीधाम के आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने बीटीआई रोड स्थित आलोक चंद्राकर के निवास में पत्रकारों से कही। श्री शास्त्री ने कहा कि यह कोसल प्रदेश है। महासमुंद की पावनधरा पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान का रविवार को श्री गणेश पूजन, पितश्वर पूजन, गौकरण कथा, कलश यात्रा और श्रीमद् भागवत की स्थापना के साथ शुरू हुआ। आज से श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ परीक्षित जन्म से होगा। आचार्य ने कहा कि सनानत धर्म ही सत्य है और साश्वत है और वहीं भगवान का वास होता है। सनातन धर्म का प्रचार करते हुए गरीब बेटियों के लिए कुछ करने की इच्छा है। अब धर्म शास्वत नहीं रह गया कुछ लोगों ने धर्म को आर्थिक लाभ का जरिया बना लिया है। धर्म एक है इसे जातियों में बांटना बंद कर दें। आज कुछ लोग प्रलोभन में आकर अलग-अलग धर्म में जा रहे हैं। उन्हें मालूम है कि वे सनातनी हैं और वह एक दिन फिर वापस अपने धर्म में आएंगे। एक सवाल के जवाब में श्री शास्त्री ने कहा कि वे बहुत गरीब थे। प्राथमिक शिक्षा उन्होंने पवन दीवान के आश्रम में ग्रहण की, बाद वे बनारस चले गये और वहां वेद, उपनिषद और वैदिक संस्कृत की शिक्षा ली। वहां एक महान संत की उन पर कृपा हुई। उन्होंने कहा था कि कलियुग में केवल एक चीज ही बचा सकती है वह है कन्यादान। मैं किसी से दक्षिणा नहीं लेता और न ही उपहार, जो भी कथा में चढ़ावा चढ़ता है उससे गरीब कन्याओं का विवाह कराता हूं, उन्हें भेंट देता हूं वह भी उसी स्थान पर जहां कथा हो रही हो।



#### चार सौ पार तो नहीं, पर मोदी का पीएम बनना तय

चाय वाले बाबा के नाम से प्रख्यात कथावाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री की बहुत सी भविष्यवाणी सही हुई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने भविष्यवाणी की कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा चार सौ पार का नारा तो पूरी नहीं कर पाएगी वह 385 से 389 सीट हासिल करेगी और एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे। देश में सनातन धर्म को वह ही बचा सकते हैं। एक अन्य सवाल के जबाब में उन्होंने भविष्यवाणी की कि प्रदेश में भी लोकसभा चुनाव में बड़ा बदलाव होने वाला है। सरकार तो भाजपा की रहेगी पर मुख्यमंत्री बदल सकता है और मुख्यमंत्री के लिए प्रस्तावित नाम ओपी चौधरी और अरूण साव हो सकते हैं।

### बिरकोनी में अखंड मानस यज्ञ समारोह कल से

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में 15 मई से 18 मई तक त्रिदिवसीय अखण्ड मानस महायज्ञ समारोह का आयोजन किया गया है। बुधवार को संध्या 4 बजे कार्यक्रम स्थल पर स्थापित भगवान राम,गोकर्ण, ठाकुर की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा। शाम 7 बजे मानस गान की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें सभी श्रद्धालुओं को आयोजन में शामिल होने की अपील की है। 18 मई शनिवार को कथा विश्राम यज्ञ पूर्णाहुति एवं 19 मई रविवार की शोभायात्रा निकाली जाएगी।




## आवश्यक सूचना

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय महासमुंद में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
प्रीतम प्राईडे काम्प्लेक्स, महासमुंद (छ.ग.)
मो. 9098324969



# तप रही धरती पर राहत की बौछार, कई इलाकों में बारिश, दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दिनभर उमस भरी गर्मी के बाद शाम होते ही छाए बादल रायपुर समेत कई हिस्सों में काफी देर तक बरसे। वर्षा की वजह से मौसम में पुनः ठंडक आ गई और दिन की गर्मी गायब हो गई। रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में अगले दो दिन तक बारिश की गतिविधि बने रहने के आसार हैं। गर्मी का माहौल 16 मई से बनने की संभावना है।

- दो दिन तापमान 40 डिग्री के पार, अब तीन दिन राहत

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजर रही द्रोणिका पूर्व की ओर झुकी हुई है, जिसकी वजह से छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिन से अलग-अलग हिस्से में अंधड़ और वर्षा की स्थिति बनी हुई है। इसका अधिक प्रभाव तीन संभाग रायपुर, दुर्ग और बस्तर के क्षेत्रों में अधिक देखने को मिल रहा है। शहर में पिछले दो दिन से अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है। रविवार को वातावरण में मौजूद 50 प्रतिशत से अधिक नमी और धूप की वजह से उमस वाली गर्मी से लोग परेशान होते रहे। दोपहर 2 बजे के बाद बादल छाने से लोगों ने राहत महसूस की। शाम होने के बाद छाए बादल शहर में तेजी से बरसने लगे और मौसम में ठंडक आ गई, साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम वैज्ञानिक गायत्री कांची भोथला ने बताया कि रायपुर में रात साढ़े आठ बजे तक सात मिमी. वर्षा दर्ज की गई है, जगदलपुर मे आंकड़ा 6 मिमी. रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तर कुछ शहरों में वर्षा की अधिक सक्रियता महसूस हुई है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक प्रदेश में वर्षा की गतिविधि बने रहने की संभावना है, खासकर रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में शाम होने के बाद तेज गति की हवा के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने के आसार हैं। गर्मी की वापसी के लिए तापमान में बढ़ोतरी 16 मई के बाद ही होने की संभावना बन रही है।

## रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में आज भी वर्षा के आसार

### बस्तर में जमकर बरस रहे

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में बादल बस्तर इलाके में जमकर बरस रहे हैं। वहां सर्वाधिक 6 सेमी. वर्षा रिकार्ड की गई है। लोरमी, सिमगा में दो सेमी. तोकपाल, सूरजपुर में एक सेमी. तथा कई इलाकों में आधा सेमी. तक हल्की बारिश होती रही।





### गर्मी का प्रभाव ज्यादा नहीं

मौसम विशेषज्ञों का तर्क है कि मई के महीने में इस बार गर्मी ज्यादा प्रभाव नहीं दिखा पाई है। कुछ दिन ही गर्मी तेज हुई और उसके बाद मौसम में बदलाव आ गया। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से वर्षा की गतिविधि लगातार बनी हुई है।

### शहरों का तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 40.6 |
| बिलासपुर | 40.6 |
| पेंड्रा | 38.4 |
| अंबिकापुर | 37.6 |
| जगदलपुर | 34.2 |
| दुर्ग | 38.6 |
| राजनांदगांव | 40.5 |

## जमीन सीमांकन और मुआवजा बांटने की प्रक्रिया में विलंब के चलते ऐसा हाल

# वित्तीय मंजूरी के बाद 8 महीने से तात्यापारा शारदा चौक सड़क निर्माण फाइलों में उलझा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में तात्यापारा से शारदा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया वित्तीय मंजूरी के 8 महीने बाद भी फाइलों में उलझी है। इसे बनाने के लिए सितंबर 2023 में ही 136 करोड़ की मंजूरी सरकार ने दी थी। इसके बावजूद लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत दिलाने का काम आगे नहीं बढ़ा है। जिम्मेदार प्रभावित हो रहे परिवारों और दुकानों का सीमांकन कर अभी भी मुआवजा नहीं दे पाए हैं। इसके चलते निर्माण एजेंसी तय करने की प्रक्रिया भी अटकी हुई है।

शारदा चौक से तात्यापारा के बीच हजारों लोग रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझते हैं। यह समस्या 16 साल से लगातार बनी हुई है। इससे राहत देने कई बार प्लानिंग की गई, मगर काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। 11 सितंबर 2023 को सरकार द्वारा की गई पहल और दिए गए निर्देश की स्थिति जांचने पर पता चला कि 136 करोड़ की वित्त विभाग से मंजूरी मिलने के बाद जिम्मेदारों ने तात्यापारा से शारदा चौक के बीच करीब 500 मीटर के दायरे में अधूरी सड़क को फोरलेन बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। निर्माण के दायरे में आने वाली दुकानों व मकानों का सर्वे-सीमांकन के बाद राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर मुआवजा अभी तक नहीं दे पाए हैं। इस वजह से लोक निर्माण विभाग ने काम शुरू करने के लिए एजेंसी भी तय नहीं की है।

### किसे मुआवजा देना है, तय नहीं


पड़ताल में पता चला है कि शासन के आदेश पर फंड की स्वीकृति के बाद एक सप्ताह में प्रभावितों की रिपोर्ट बनानी थी। अभी भी मुआवजा किसे देना है, जिम्मेदार यही तय नहीं कर पाए हैं। इसके चलते जमीन खाली कराने की प्रक्रिया अटकी हुई है। इससे पहले सड़क निर्माण के लिए एजेंसी तय करने टेंडर का प्रावधान नहीं है। विभाग ने अभी टेंडर इसलिए भी नहीं किया है, चूंकि जिस स्पॉट पर सड़क चौड़ीकरण होना है, वहां जमीन ही खाली नहीं हुई है। कितने लोग 500 मीटर के दायरे में प्रभावित होंगे, इसकी सही जानकारी भी नहीं मिली है।



### करदाता की जांच भी नहीं

तहसील के जिम्मेदार अफसरों ने अभी तक प्रभावित दुकानों और मकान मालिकों की भूमि का रिकार्ड इसलिए लोक निर्माण विभाग को नहीं दिया है, चूंकि सीमांकन रिपोर्ट में निगम, तहसील और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त सहमति होगी। इसके बाद ही उसे खाली कराने के लिए जिला प्रशासन को दिया जाएगा। वहां से होने वाले आदेश पर फोरलेन सड़क के लिए तय जमीन को खाली कराया जाएगा। बताया जाता है कि सीमांकन में बताई गई राजस्व भूमि का निगम को दिए जाने वाले टैक्स से भी मिलान होना है। इसके लिए जिम्मेदारों ने प्रक्रिया नहीं की है।

### 16 साल से ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहे यहां के रहवासी



### अधिकारियों ने नहीं मांगी जानकारी

मुआवजा देने के लिए सर्वे व सीमांकन की प्रक्रिया के बाद निगम से प्रॉपर्टी टैक्स के आधार पर जमीन मालिकों का मिलान किया जाना था। अभी तक जिला प्रशासन के अधिकारियों ने जानकारी नहीं मांगी है। मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

- **एजाज ढेबर**, महापौर

### चौतरफा दबाव से लग रहा जाम

इसके पहले तात्यापारा से आमापारा चौक के बीच सड़क चौड़ी की गई थी। अधूरे चौड़ीकरण के चलते शारदा चौक से तात्यापारा के बीच करीब 500 मीटर के दायरे में रोज ट्रैफिक जाम में हजारों लोग फंसते हैं। इससे निजात दिलाने के लिए पूर्व में किए गए प्रयास और प्रभावितों द्वारा लगाई गई आपत्ति व मुआवजे के कारण निर्माण अटका था। आठ महीने पहले दोबारा प्रयास किया गया, लेकिन निर्माण अब तक शुरू नहीं हो पाया। मौके पर अभी भी चौतरफा ट्रैफिक दबाव होने से दिन में कई बार लोगों को आने-जाने के लिए रास्ता क्लीयर होने का इंतजार करना पड़ता है।

# उधार लेकर डकार गया युवक ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख के बदले डेढ़ गुना राशि देने का झांसा देकर रकम लेने, रकम वापस मांगने पर धमकी देने से परेशान होकर युवक द्वारा आत्महत्या करने की घटना सामने आई है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है। खुदकुशी करने वाले युवक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। सिविल लाइंस थानेदार ने , पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।



पुलिस के मुताबिक शंकरनगर सेक्टर-2 में रहने वाले संदीप बग्गा ने खुदकुशी की है। संदीप ने चार दिन पूर्व जहर सेवन किया था, जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल किया गया। उपचार के दौरान संदीप की रविवार तड़के मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उल्लेख किया है कि किसी नितेश मित्तल ने उससे महादेव सट्टा एप संचालित करने 10 लाख रुपए लिए थे। संदीप ने अपने सुसाइड नोट में उल्लेख किया है कि नितेश ने उसे 10 लाख रुपए के एवज में 13 से 16 लाख रुपए देने का वादा किया था। सुसाइड नोट में संदीप ने लिखा है कि जब वह नितेश से पैसे वापस मांगने लगा तो नितेश उसे अलग-अलग नंबरों से कॉल कर जान से मारने की धमकी देता था। इधर,संदीप के भाई प्रदीप ने नितेश पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### नितेश ने उधार लेने की बात से इनकार किया

संदीप द्वारा मृत्यु पूर्व लिखे गए सुसाइड नोट के संबंध में नितेश से संपर्क कर उनका पक्ष लिया गया तो उन्होंने लंबे अरसे से संदीप से भेंट नहीं होने की बात कही। पैसे लेने के सवाल पर नितेश ने कहा की उन्होंने संदीप से किसी तरह से कोई रकम उधार नहीं ली है। प्रारंभिक पूछताछ में मृतक के भाई प्रदीप ने पुलिस को बताया कि जहर सेवन करने की वजह पूछने पर संदीप ने बताया था कि नितेश उधार की रकम नहीं लौटा रहा है, जिसकी वजह से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है।

### पड़ताल के बाद होगी कार्रवाई

आत्महत्या के मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में लेन-देन का उल्लेख है। मामले की पड़ताल करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- **रोहित मालेकर**, टीआई, सिविल लाइंस

## खबर संक्षेप



### भूमिहार ब्राह्मण समाज ने बांटा शर्बत

**रायपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर ब्रह्म ऋषि भूमिहार ब्राह्मण समाज ने शनिवार को राहगीरों को आयुर्वेदिक पद्धति से तैयार रसीले खुशबूदार शर्बत का वितरण किया। इसमें करीब 6 हजार से अधिक राहगीर, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों ने ठंडे पेय पदार्थ शर्बत को पीकर धूप की तपिश से राहत पाई। बंजारी माता मंदिर भनपुरी में भूमिहार ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने पहले भगवान परशुराम की तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर सुधीर राय, शेषनाथ तिवारी, अवधेश पांडे, ओमप्रकाश राय, भगवान शर्मा, अनिल सिंह, अमलेश सिंह, अरुण सिंह, चंद्रभूषण शर्मा, हरेराम शर्मा, मीडिया प्रभारी डीके शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हरियाली दीदी बना रहीं जागरूक



**रायपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में रहवासियों को घर का गीला और सूखा कचरा पृथक-पृथक कर सफाई मित्र को देने हरियाली दीदी जागरूक कर रही हैं। जनजागरूकता मॉनिटरिंग नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त, जोन कमिश्नर और जोन के स्वास्थ्य अधिकारी कर रहे हैं। जोन 9 क्षेत्र में हरियाली दीदी पुष्पा साहू ने महर्षि वाल्मीकि वार्ड के विजय नगर मुख्य मार्ग स्थित निवास में घर का गीला कचरा हरे डस्टबिन एवं सूखा कचरा नीले डस्टबिन में देने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जोन-9 के स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू उपस्थित रहे।

### वक्ता मंच ने बांटे सकोरे

**रायपुर।** वक्ता मंच द्वारा पक्षियों की भूख-प्यास मिटाने अभियान चलाया जा रहा है। मंच से जुड़े सदस्य इन दिनों पक्षियों के लिए दाना पानी रखने निशुल्क सकोरे बांट रहे हैं। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया, रविवार की शाम निगम मुख्यालय के सामने गार्डन से इस अभियान को आरंभ किया गया। इस अवसर पर शुभम साहू, गंगाशरण पासी, ज्योति शुक्ला, प्रगति पराते, प्रमदा ठाकुर, दिव्या झा आदि उपस्थित रहे। आम जनता के मध्य निशुल्क वितरित कर उनसे अनुरोध किया गया कि अपने घर की छत, बालकनी या आंगन में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करें। खुले आसमान व धूप में विचरण करनेवाले पक्षियों को राहत पहुंचाने अभियान चलाया जा रहा है।

### श्रीश्री रविशंकर ने ज्ञान क्षेत्र का किया उद्घाटन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी में संस्था का ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर-12 कमल विहार का उद्घाटन वैदिक मंत्रों की गूंज में गुरु पूजा, वास्तु पूजा एवं गणेश पूजा हवन के साथ बेंगलुरु आश्रम से श्रीश्री रविशंकर द्वारा ऑनलाइन इंटरनेट के माध्यम से किया गया। इसी दौरान 77 हजार विश्व के ऑनलाइन हैप्पीनेस प्रतिभागियों के बीच छत्तीसगढ़ आर्ट ऑफ लिविंग परिवार को ज्ञान क्षेत्र की आशीष एवं शुभकामनाएं मिलीं। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से कई साधकों ने हिस्सा लिया।

# त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग में खूनी झड़प पिता-पुत्र समेत चार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात कुछ लोगों ने पिता-पुत्र समेत चार पर तलवार से हमला कर दिया। हमले की वजह त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

घटना के बाद पुलिस ने तलवार से हमले के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार देर रात अवंति विहार में तलवारबाजी होने की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पेट्रोलिंग टीम रवाना की गई। मौके पर पुलिस पहुंची तो उन्हें जानकारी मिली कि आदर्श जगवानी तथा फैजल खान का कॉलेज में पढ़ने के दौरान चार-पांच साल पहले गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद था। इसी बात को लेकर बातचीत करने देर रात करीब ढाई बजे आदर्श जगवानी तथा आदर्श भट्टाचार्य ने फैजल खान, मो. अनीस, लक्की और सौरभ दास को अपने घर बातचीत करने के लिए बुलाया था। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और विवाद बढ़ गया। इसके बाद आदर्श जगवानी तथा उसके साथियों ने तलवार लहराते हुए फैजल खान और उसके साथियों पर हमला कर दिया। तलवारबाजी की घटना में सौरभ दास, फैजल खान एवं मो. अनीस को चोटें आई हैं। घटना के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



- कोरोना के पहले बनी थी जिला अस्पताल में शासकीय क्वार्टर देने की योजना

# सरकारी डॉक्टर्स के आवास तैयार, पर तीन माह में रहने आए केवल दो परिवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



आवश्यक सुविधाएं जुटाने के बावजूद जिला अस्पताल में बनाए गए शासकीय आवासों में डॉक्टरों की शिफ्टिंग का काम पूरा नहीं हो सका है। तीन महीने में यहां केवल दो परिवार ही शिफ्ट हो पाए हैं, जबकि आवंटन आठ डॉक्टरों को किया गया है। जिला अस्पताल में आवास सुविधा देने की योजना कोरोना के पहले बनाई गई थी।

योजना के तहत निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई थी। महामारी की वजह से इसका निर्माण काफी विलंब से हुआ और कुछ जरूरी सुविधाएं नहीं होने तथा आवंटन प्रक्रिया धीमी होने की वजह से यहां डॉक्टरों ने रहना शुरू नहीं किया था। जानकारी के अनुसार आवास से संबंधित अधूरी सुविधाओं को पूरा करने के बाद पिछले कुछ महीने से यहां चिकित्सकीय स्टाफ ने रहना शुरू किया है, मगर अभी छह परिवारों की शिफ्टिंग यहां बाकी है, जिसमें कुछ अधिकारी स्तर के डॉक्टर भी शामिल हैं। आवास निर्माण के बाद संबंधित एजेंसी ने उसे स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया था, मगर वहां बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का काम बाकी रह गया था। आपत्ति और पत्र व्यवहार के बाद इसे पूरा किया गया तथा समस्याओं का समाधान हो गया। आवास का आवंटन सीएमएचओ सहित जिला अस्पताल में सेवा देने के वाले अन्य चिकित्सकों को किया गया है।

### हो रही शिफ्टिंग

आवंटित आवासों में चिकित्सकों को शिफ्ट होने कहा गया है, इनमें कुछ परिवार आ चुके हैं। डॉक्टरों की अस्पताल परिसर में चौबीस घंटे मौजूदगी ही आवास निर्माण का उद्देश्य है।

- **डॉ. एसके भंडारी,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

### अस्पताल में उपस्थिति उद्देश्य

इन आवासों के निर्माण का उद्देश्य अस्पताल परिसर में चिकित्सकों की चौबीस घंटे उपस्थिति है। अभी अलग-अलग स्थानों पर रहने की वजह से इमरजेंसी के दौरान एक साथ पहुंचने में विलंब हो जाता है। वर्तमान में ओपीडी के बाद सीनियर डॉक्टर ऑन कॉल ड्यूटी पर रहते हैं और अस्पताल कुछ कंसल्टेंट और जूनियर डाक्टरों के भरोसे रह जाता है।

### आवंटन में भी आई थी आपत्ति

वहां आवास का निर्माण चिकित्सकों के लिए किया गया, मगर आवंटन अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को भी कर दिया गया था। इस मामले को लेकर भी उस दौरान काफी आपत्तियां आई थीं। चर्चा ये थी कि शासकीय आवास की सुविधा लेने के लिए विभिन्न स्तर पर सिफारिश भी लगाई गई थी।

## सीआर तैयार करने की प्रक्रिया 30 मई से 15 जुलाई तक

# शासकीय सेवकों की सीआर लिखने का समय एक माह बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के शासकीय सेवकों की गोपनीय चरित्रावली लिखने समयावधि में वृद्धि की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए व्यावहारिक कठिनाइयों के चलते इसे एक माह आगे बढ़ा दिया गया है। अब 15 जुलाई तक राज्य शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखी जा सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर कहा है कि लोकसभा चुनाव प्रक्रियाधीन होने के कारण शासकीय कर्मचारियों के गोपनीय चरित्रावली लिखे जाने के लिए निर्धारित समयसीमा में बढ़ोतरी की जा रही है। लोकसभा चुनाव में सभी संवर्ग के अधिकारी-कर्मचारी



संलग्न हैं। ऐसी स्थिति में शासकीय सेवकों की वार्षिक गोपनीय चरित्रावली समयसीमा में लिखे जाने में व्यावहारिक कठिनाई हो रही है। अतः वर्ष 2023-24 के लिए इसकी समयावधि में परिवर्तन किया गया है। अब सेल्फ असेसमेंट प्रस्तुत करने की तिथि 30 मई, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 जून, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 30 जून और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जुलाई तक पूरा किया जाना है।

### पहले 15 जून तक पूरी करनी थी प्रक्रिया

*राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों की सीआर तैयार करने का कार्यक्रम हर साल 30 अप्रैल तक सेल्फ असेसमेंट, प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन का मतांकन 15 मई, समीक्षक अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 31 मई और स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन में मतांकन 15 जून तक पूरा किया जाना था। चुनाव के चलते इसे पूरा करना संभव नहीं था। ऐसे में जीएडी ने इसे एक माह आगे बढ़ा दिया है।*

### सीआर के आधार पर होती है पदोन्नति

*छत्तीसगढ़ शासन के अधीन कार्यरत शासकीय कर्मचारियों को पदोन्नति व समयमान-वेतनमान का लाभ गोपनीय चरित्रावली समय पर अधिकारी के मतांकन के आधार पर ही मिलता है। किसी कारण से यह पूरा नहीं होने के कारण इसमें देर होती है। हर साल इसकी प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाता है। फिर भी कई विभागों में समय पर पूरा नहीं होने के कारण कई विभागों में पदोन्नति और समयमान के प्रकरण लंबित रह जाते हैं।*

# प्लास्टिक कचरा: सीमेंट कंपनियों से एमओयू करेंगे नगरीय निकाय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगरीय क्षेत्रों में जमा होने वाले प्लास्टिक कचरा के निपटारे के लिए सीमेंट क्लिन में अपवहन के लिए राज्य के नगरीय निकायों को सीमेंट प्लांट(कंपनियों) से एग्रीमेंट का आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल यानी एनजीटी ने दिया है।

इस संबंध में संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त एवं नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश भेजा है। प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए संचालनालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नगरीय निकाय अपने समीपस्थ सीमेंट उद्योग के साथ अनुबंध(एग्रीमेंट) करें। ताकि निकाय में उत्सर्जित अपशिष्ट



का प्रबंधन हो सके। इस संबंध में पर्यावरण संरक्षण मंडल से सहयोग एवं समन्वय करने का कहा गया है। यह भी कहा गया है कि जिन निकायों का अनुबंध सीमेंट उद्योग से हो चुका है उनके अनुबंध के अनुसार कार्यवाही की जाए। बताया गया है कि अभी भी कुछ निकायों में बेलिंग एवं फटका मशीन, थ्री फेस बिजली कनेक्शन के अभाव में चालू नहीं हो पाया है वहां थ्री फेस कनेक्शन लेकर मशीन को चालू करें।

### सीमेंट कंपनिया न कचरा ले जा रही, न पेमेंट दे रही

इस मामले को लेकर एक और तथ्य अपशिष्ट प्लास्टिक राज्य प्रबधन राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की छटवीं बैठक में सामने आया था। समिति को अवगत कराया गया था कि नगरीय निकायों से अनुबंधित सीमेंट उद्योगों द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट को न जाने व समय पर भुगतान न करने के कारण निकायों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

# अच्छे कर्मों से होता है मानव जीवन का कल्याण : नरेंद्र नयन शास्त्री




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय कलेक्ट्रेट रोड स्थित भरत लीला मेंशन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा वाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने कहा कि किसी के चरण में दंडवत होने से जीवन सफल नहीं होगा, अपितु अच्छे कर्मों से जीवन का कल्याण होगा। जिस दिन आप बांके बिहारी के हो जाएंगे, आपके जीवन का नैया पार हो जाएगा। उन्होंने नारी की महानता की बखान करते हुए कहा कि एक सुंदर नारी हीरा होती है, लेकिन जो गुणवान व संस्कारवान होती है, वह हीरे की खान होती है।

आचार्य शास्त्री ने शुकदेव जन्म कथा का व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ ने माता पार्वती के बार-बार निवेदन करने पर उन्हें अमृत कथा (रामकथा) का श्रवण कराने राजी हुए। उन्होंने एकांत स्थान में जाकर माता को अमृत कथा पान कराने की बात कही। कैलाश के एकांत स्थल एक गुफा में जब भगवान ने माता को कथा श्रवण कराना शुरू किया, तब एक निर्जीव अंडे में जान आ गई और वही पक्षी तोता महर्षि वेदव्यास की पत्नी अरणी देवी की मुख से गर्भ में प्रवेश किया तथा 12 वर्ष बाद शुकदेव ने जन्म लिया। शुकदेव के माध्यम से ही राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने का सौभाग्य मिला।

कथा श्रवण करने आयोजक लीला देवी चंद्राकर, आलोक चंद्राकर-सुष्मिता चंद्राकर, परिवार से द्रोपती चंद्राकर, मीना सुरेश चंद्राकर, प्रमिला संतोष चंद्राकर, प्रतिभा पवन चंद्राकर, अंजू लीलाधर चंद्राकर, मोना प्रवीण चंद्राकर, डा. नेहा-तारेंद्र देशमुख सहित बड़ी संख्या में भागवत प्रेमी श्रोतागण उपस्थित थे।



## भव्य कलश यात्रा से कलेक्टोरेट मार्ग हुआ भक्तिमय

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। स्थानीय कलेक्ट्रेट रोड स्थित भरत लीला मेंशन में लीलादेवी चंद्राकर, आलोक चंद्राकर-सुष्मिता चंद्राकर परिवार द्वारा भक्तिमय श्रीमद भागवत ज्ञानामृत कथा का आयोजन 12 से 20 मई तक किया जा रहा है। जिसमें शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा में माताएं-बहनें पीले परिधान में बड़ी संख्या में शामिल हुई। सिर पर कलश धारण कर बीटीआई रोड में भगवान बाल-गोपाल का शोभायात्रा निकली। इस दौरान आकर्षक राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती के वेशभूषा में सजे युवतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर कथा वाचक आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री (चाय वाले बाबा) सिलयारी धाम ने कहा कि कलश यात्रा में तीनों देवताओं ब्रह्मा, विष्णु, और महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी-देवता कलश में विराजमान होते हैं। कलश को महिलाओं के सिर पर रखकर भ्रमण करने से धरा सिद्ध होती है और जो कलश को धारण करता है उसकी आत्मा भी पवित्र हो जाती है। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर कलेक्ट्रेट रोड से होते हुए वापस कथा स्थल पहुंची। इस दौरान भगवान के जयकारे से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव पूरा, आचार संहिता 7 जून तक प्रभावी



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान हो चुका है। राज्य की सभी 11 सीटों के लिए जारी मतदान की प्रक्रिया 7 मई को तीसरे और अंतिम चरण के साथ समाप्त हो गई है। इसके बाद ये सवाल उठता है कि राज्य में लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू है या नहीं? इस संबंध में राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरिभूमि को बताया कि यहां का मतदान समाप्त होने के बाद भी आचार संहिता पूरी तरह प्रभावशील है। देश के आम चुनावों के लिए 16 मार्च से चुनाव आचार संहिता लागू हो गई थी। 4 जून को परिणाम आने के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने यानी 7 जून तक लागू रहेगी। देश में सात चरणों में लोकसभा का चुनाव हो रहा है। पहले चरण की शुरुआत 26 अप्रैल से हुई थी। छत्तीसगढ़ में पहले चरण का चुनाव 26 अप्रैल को बस्तर सीट पर हुआ। इसके बाद दो और चरण में चुनाव हुए। राज्य में तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए 7 मई को वोट डाले गए थे। राज्य में मतदान का काम पूरा होने के बाद सामान्य तौर पर लोगों को लग रहा है कि यहां के चुनाव समाप्त हो गए हैं। अब चुनाव आचार संहित प्रभावशील नहीं है, लेकिन दरअसल ऐसा नहीं है।

### चौधरी बोले- पीएससी के आरोपी देश छोड़ रहे, देना होगा हिसाब



**रायपुर।** प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी का कहना है, पीएससी की जांच के डर से कई लोग गायब हो रहे हैं। कुछ के तो देश भी छोड़ने की बात सामने आ रही है। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। एक-एक को हिसाब देना होगा। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के युवाओं को धोखा देने का काम किया है। सीबीआई जांच में सारा सच सामने आ जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री चौधरी ने कहा, पीएससी की सीबीआई जांच को केंद्र सरकार ने नोटिफाई कर दिया है। अब इसकी पूरी जांच होगी। कांग्रेस सरकार में इस मामले में क्या-क्या गड़बड़ी हुई है, इसका पूरा खुलासा होगा। जो भी इस मामले के दोषी हैं, उनको छोड़ा नहीं जाएगा। एक-एक दोषी को हिसाब देना होगा। व्यापारियों को जीएसटी विभाग के नोटिस पर उन्होंने कहा, यह सामान्य प्रक्रिया है। ईमानदार टैक्स पेयर को सुविधा हो सके, यह प्रयास है। टैक्स पेयर के पैसे से देश आगे बढ़ेगा।

**कांग्रेस डूबती नाव :** मंत्री पद के लिए कांग्रेस के बयान एक अनार सौ बीमार पर श्री चौधरी ने कहा, कांग्रेस डूबती हुई नाव है। भाजपा में किसी पद के लिए भगदड़ नहीं मची है। कांग्रेस के पांच सालों में जय और वीरू की नहीं बन पाई। ये दूसरे पर सवाल उठाते हैं, जो हास्यास्पद है। भाजपा में अधिक संख्या में अच्छे नेता उपलब्ध हैं। भाजपा में पद नहीं दायित्व होता है।

## पति-पत्नी के बीच मारपीट, काउंटर केस दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली के बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पलसापाली में मारपीट के मामले को लेकर पति-पत्नी ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्रार्थी तुलाराम खुंटे ने पुलिस को बताया कि 12 मई 2024 को दोपहर करीबन 1:30 बजे उसे उसके घर के सामने आंगन में साला गजानंद जोल्हे, ब्रिजेश जोल्हे एवं उसकी पत्नी सूरज बाई खुंटे ने एकराय होकर तुम दूसरी महिला के साथ भाग कर गए थे कहकर गाली-गलौच कर हाथ-मुक्का से मारपीट किया।

प्रार्थी को उसकी पत्नी सूरज बाई खुंटे ने डंडे से सिर पर मारा तथा उसी डंडे से उसके साले गजानंद जोल्हे ने भी मारा जिससे तुलाराम के सिर में चोट आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। वहीं प्रार्थिया सूरज बाई खुंटे ने पुलिस को बताया कि 12 मई 2024 को दोपहर करीबन 1:30 बजे उनके घर के सामने आंगन में उसके पति तुलाराम खुंटे से उसने दूसरी महिला के साथ भागकर जाने के बारे में पूछी तो तुम कौन होती हो पूछने वाली कहकर गाली-गलौच कर हाथ-मुक्का से मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ 294, 323, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# मां पैथालॉजी लैब ने नर्सों के साथ मनाया नर्सेस डे

### नर्सों को दी बधाई, गुलदस्ता भेंटकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रविवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे के अवसर पर मां पैथालॉजी लैब के संचालक ललित चक्रधारी ने लैब स्टॉफ के साथ मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में स्टॉफ नर्सों के साथ नर्सेस डे मनाया। जिसमें इमरजेंसी विभाग, पीडियाट्रिक, मेडिसिन विभाग, मेटरनिटी होम, सर्जरी विभाग शामिल है। श्री चक्रधारी ने अस्पताल में उपस्थित सभी नर्सों को गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उन्हें नर्सेस डे की बधाई दी। नर्सों ने उक्त सम्मान के लिए श्री चक्रधारी का आभार जताया।

इस दौरान ललित चक्रधारी ने कहा कि आप सभी नर्सों की सेवा भावना हमेशा मरीजों में अपनत्व जगाती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आपकी सेवा भावना हमेशा याद की जाती है। मरीज के स्वस्थ्य होने में चिकित्सकों का जितना योगदान रहता है उतना ही योगदान आपका भी रहता है। इस दौरान श्री चक्रधारी के साथ वैभव चक्रधारी, चुरामन यादव समेत अन्य मौजूद रहें।

## अवैध शराब बिक्री करते दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 19 लीटर अवैध शराब जब्त किया है। पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर गोविंद डबरी के पास ग्राम लक्ष्मीपुर में आरोपी नटवरलाल भोई पिता गोविंदराम भोई (40) निवासी लक्ष्मीपुर थाना पिथौरा से एक नीले रंग की 25 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी करीबन 16 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमत 3200 रुपए को जब्त कर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। जबकि पुलिस ने एक अन्य मामले में मुखबिर की सूचना पर ग्राम चिखली में संपत लाल भोई के कब्जे उसके खेत में झोपड़ी में अंदर से 3 नग सफेद रंग की प्लास्टिक बॉटल में करीबन 1-1 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

## गायत्री परिवार की समीक्षा बैठक 19 को

**धमतरी।** उपजोन रायपुर के अंतर्गत पांच जिले रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद और बलौदा बाजार के गायत्री परिजनों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक नगरी ब्लाक के शीतला शक्ति पीठ सिहावा में 19 मई को 11 बजे रखी गई है।

### भाजपा पार्षदों समेत कुछ एमआईसी मेंबर भी चाहते हैं जनता ही चुने शहर का मुखिया

# भाजपा चाह रही पार्षद नहीं, जनता सीधे चुने मेयर, कांग्रेस बंटी, कुछ ने इसे सही ठहराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव के बाद नवंबर-दिसंबर में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर यह चर्चा छिड़ी है कि इस बार महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराया जाए या नहीं? नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष से लेकर भाजपा पार्षद जहां मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने के पक्ष में हैं, वहीं शहरी सरकार के कुछ एमआईसी मेंबर भी खुलकर कहने लगे हैं कि शहर का मुखिया चुनने का अधिकार आम जनता को होना चाहिए। इससे महापौर मजबूत रहता है। हरिभूमि ने इस विषय पर सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदों से बातचीत की, जिसमें उन्होंने

हरिभूमि मुद्दा

### जनता द्वारा महापौर चुनना बेहतर पद्धति : ज्ञानेश



वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा का कहना है, शहर की जनता द्वारा महापौर को चुना जाना बेहतर पद्धति है, वे इसके पक्ष में हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव में आम जनता द्वारा जब महापौर चुना जाता है, तब ऐसा महापौर अधिक स्वतंत्रता के साथ काम कर पाता है। वहीं अप्रत्यक्ष तरीके से महापौर का चुनाव होने पर कभी-कभी पार्षदों के अनियंत्रित दबाव में महापौर को काम करने में तकलीफ होती है। पार्षदों को खुश करने के चक्कर में शहर का विकास प्रभावित होने का डर बना रहता है। हालांकि महापौर चयन की दोनों प्रणाली का अपना महत्व है, पर इसमें कुछ खामियां भी हैं। पार्षदों को शहर के विकास के मतलब है, इसलिए महापौर की जिम्मेदारी पूरे रायपुर शहर की जनता के प्रति होनी चाहिए।

### वर्तमान प्रणाली ही उचित : मेनन



एमआईसी मेंबर श्रीकुमार मेनन का कहना है, प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर का चुनाव होने पर बड़े और रसूखदार लोगों को मेयर बनने का मौका मिलता है, गरीब एवं लायक उम्मीदवार की काबिलियत धरी रह जाती है। इसलिए पार्षदों द्वारा महापौर का चुनाव करने की वर्तमान प्रणाली उचित है। पार्षदों के बीच से ही महापौर चुना जाना चाहिए।

### सीधे तौर पर मेयर का चुनाव स्वागतयोग्य : नागभूषण



वरिष्ठ एमआईसी सदस्य नागभूषण राव की दो टूक राय है, सीधे तौर पर महापौर का चुनाव स्वागतयोग्य है। जनता के माध्यम से चुना गया महापौर ज्यादा मजबूत होता है, जबकि अप्रत्यक्ष प्रणाली में जब पार्षद शहर का महापौर चुनते हैं, तब वे दबाव में रहते हैं। जबकि प्रत्यक्ष प्रणाली से चयन होने पर महापौर आत्मविश्वास से भरपूर रहते हैं, पार्षद उन पर दबाव नहीं बना सकते। वैसे महापौर चुनाव की दोनों ही व्यवस्थाएं अच्छी हैं।

### पार्षद ही चुनें शहर का मुखिया : सतनाम



निगम के जल विभाग के अध्यक्ष सतनाम पनाग कहते हैं, जिस तरह लोकसभा और विधानसभा में प्रक्रिया के तहत नेता चुना जाता है। उसी तर्ज पर निगम के चुनाव में पार्षदों द्वारा महापौर का चुनाव करना ही उचित होगा। इसमें पार्षदों के पास ये ताकत रहती है कि उनके द्वारा चुना हुआ महापौर ठीक से काम नहीं कर रहा तो उसे प्रस्ताव लाकर हटा सकते हैं। वहीं एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल ने कहा है, जनता द्वारा चुने गए पार्षदों को अपना मुखिया चुनने का अधिकार होना चाहिए। 2018 में भूपेश की सरकार ने कैबिनेट में जो फैसला लिया कि मेयर का चुनाव प्रत्यक्ष नहीं, अप्रत्यक्ष प्रणाली से होगा, वह सभी दृष्टि से उचित है।

### जनता ही चुने महापौर : मीनल



राज्य बनने से पहले और उसके बाद 4 मौके ऐसे आए, जब महापौर का चुनाव जनता के वोट से हुआ। यह प्रणाली बिलकुल सही है। शहर की जनता का यह अधिकार हो कि वह शहर के प्रथम नागरिक को अपने स्वविवेक से चुने। पूर्व में ऐसी व्यवस्था रही है, पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने यह व्यवस्था बदली, जो कि गलत है। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का कहना है, महापौर किसी एक वार्ड का नहीं होता, वह पूरे शहर का मुखिया होता है। इसलिए शहर की जनता के प्रति उसकी जवाबदेही रहती है। हमारी पार्टी की यह व्यवस्था रही है, इस बार भी जनता को ही शहर का महापौर चुनने का अधिकार मिले।

### प्रत्यक्ष चुनाव के पक्ष में : प्रमोद



भाजपा के वरिष्ठ पार्षद डॉ. प्रमोद साहू का कहना है, आम जनता को ही महापौर चुनने का अधिकार हो। जनता अपनी इच्छा से महापौर का चयन करे। राज्य सरकार से मांग करेंगे कि जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर चुनाव की व्यवस्था दी जाए।

# बदले जा चुके प्रभार फिर भी संभाल रहे पुराना कामकाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए अफसरों की जिम्मेदारी बदली जा चुकी है, मगर आचार संहिता का हवाला देकर अफसर पुराना कामकाज ही संभाल रहे हैं। इसी तरह चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के नोडल अफसर भी बदले जा चुके हैं।



- स्वास्थ्य योजनाओं से संबंधित नोडल अफसरों के प्रभार में फेरबदल

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य संचालनालय और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के माध्यम से पूरे किए जाने वाले कामकाज का सुचारू संचालन करने अधिकारियों के पद के हिसाब से उनके बीच कार्यों का बंटवारा किया जाता है। उपसंचालक स्तर के अधिकारी जनस्वास्थ्य से जुड़े अभियान के नोडल अफसर भी बनाए जाते हैं। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग में दोनों संचालनालय स्तर पर हुए फेरबदल और कुछेक सेवानिवृत्ति के बाद उपसंचालकों के प्रभार में भी वृहद स्तर पर बदलाव किया गया था। अधिकारियों को उनकी विशेषज्ञता के आधार पर जिम्मेदारी दी गई थी। इस दौरान टीबी नियंत्रण, अंधत्व निवारण कार्यक्रम सहित विभिन्न तरह की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभार बदले गए थे। कुछ अधिकारियों ने नई जिम्मेदारी संभाल ली, मगर कई अफसर आचार संहिता का हवाला देकर अपने पुरानी जिम्मेदारी का ही निर्वहन कर रहे हैं। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के दो अफसरों की जिम्मेदारियों में शासकीय स्तर पर फेरबदल किया गया था, मगर वे पुराने कार्यों का मोह नहीं छोड़ पाए हैं। इस संबंध में आला अधिकारियों से भी शिकायत की जा चुकी है।

# चाचा और भतीजों के बीच मारपीट, तेंदूकोना थाने में रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के ग्राम चौकबेड़ा में पारिवारिक विवाद में चाचा और उसके भतीजों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। तेंदूकोना पुलिस ने इस घटना में काउंटर रिपोर्ट दर्ज किया है।

प्रार्थी कैशल कुमार पुरैना पिता दयादास पुरैना निवासी ग्राम चौकबेड़ा बीचपारा ने पुलिस को बताया कि ट्रांसपोर्ट का काम करता हूं और मैं रायपुर में निवास करता हूं। लेकिन करीब एक सवा साल से अपने पिताजी की देखभाल के लिए चौकबेड़ा में रह रहा हूं। मेरे घर के बगल में मेरे भतीजे पूनानंद एवं लोकेश रहते हैं। हमारा खेत भी लगा हुआ है।

बंटवारा हो गया है। मेरे हिस्से में 3 महुआ पेड़ है एवं पूनानंद एवं लोकेश के हिस्से में भी 3 पेड़ है। कुछ दिन पूर्व महुआ बिनने का सीजन चल रहा था। उस दौरान मेरे पेड़ के महुआ को उन लोगों के द्वारा बिन लिया गया था।

10 मई को मैं महासमुंद बरोंडाबाजार बारात में गया हुआ था, वहां पूनानंद एवं लोकेश को मैंने कहा कि मेरे हिस्से के महुआ का क्या हुआ तो इस बात को लेकर लोकेश एवं पूनानंद मेरे साथ में विवाद किए, वहीं दूसरे दिन 11 मई को अपने गांव के रंगमंच के पास में कार्यक्रम में गया हुआ था। वहां पर पूनानंद एवं लोकेश उसी महुआ के बात को लेकर मुझे गालियां देने लगे। इसके बाद मैं घर आ गया। मेरे घर का गेट खुला ही रहता है। तब आरोपी लोकेश एवं पूनानंद अंदर घुस गए और सामने आंगन में खड़े होकर मुझसे गाली गलौच करने लगे। मेरे द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देते आंगन में फूल के घेरा के लिये लगाए गए बांस को तोड़कर मेरे साथ मारपीट किए। जिससे मेरे दाहिने गर्दन, चेहरा, हाथ कोहनी में चोट आई है।

पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### भतीजे ने भी लिखाई रिपोर्ट

इधर दूसरे पक्ष के प्रार्थी पूनानंद पुरैना पिता नैनदास पुरैना निवासी ग्राम चौकबेडा ने बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। कक्षा 12 वीं तक हूं कि मेरे घर के बगल में मेरे चाचा कैशल पुरैना रहते हैं। हमारा एवं उनका खेत एक ही खाता में है। बंटवारा नहीं हुआ है कि पिछले साल धान के सीजन में करीब 150 क्विंटल धान कैशल पुरैना बेचे थे, इस बार भी उनके द्वारा मुझे यही बोला गया कि तुम लोगों के द्वारा कम धान बेचा जायेगा। मैं ज्यादा बेचूंगा, इस बात को लेकर पिछले साल से हमारा विवाद चल रहा था। 10 मई को बरोंडाबाजार महासमुंद शादी में गए थे। वहां पर भी कैशल का मेरे बड़े भाई लोकेश्वर पुरैना के साथ में विवाद हुआ था। 11 मई को शाम को गांव में रंगमंच के पास में हमारा पूरा परिवार लोकेश्वर, कैशल पुरैना, तेउस पुरैना एवं अन्य लोग खा पी रहे थे, तभी करीबन रात के 11.30 बजे लोकेश्वर पुरैना के साथ में कैशल पुरैना विवाद करने लगा, इस पर मैं बीच बचाव करने गया तो आरोपी कैशल पुरैना एवं तेउस पुरैना ने मुझे कहा कि तू हट जा नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद पास में पड़े बांस से मेरे को सिर में एवं बायें पैर में मारने लगे। बीच बचाव के लिए मेरी बहन कमल पुरैना आई तो उसके साथ भी मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

**जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 14 को आयेंगे : धमतरी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 14 मई को धमतरी आयेंगे। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी की कलेक्टर और जिले के पूर्व सैनिकों के साथ मीटिंग होगी।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 27 मरीजों को हुआ निःशुल्क उपचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के निर्देशन पर फिक्स डे पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इसमें 27 मानसिक रोग के मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। साथ ही नशे लत, टोबेको यूजर को एंटी गम भी दिया गया। शिविर डॉ नारायण साहू बीएमओ, ढोलचंद नायक बीपीएम एवं समस्त स्टॉफ, जिला चिकित्सालय महासमुंद के रामगोपाल खूंटे व टीम का सहयोग रहा।

### कमरौद स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी

**महासमुंद।** कक्षा 10वीं एवं 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी हुआ। जिसमें शासकीय अहिल्या बाई त्रेतानाथ उमावि कमरौद का परिणाम अच्छा रहा। कक्षा 12वीं का 96 प्रतिशत रहा, जिसमें पूनम पटेल वाणिज्य संकाय ने 79.8 प्रतिशत अंक सहित कक्षा में प्रथम स्थान, मोनिका साहू विज्ञान संकाय ने 78.4 प्रतिशत अंक सहित द्वितीय और नोगेश ध्रुव वाणिज्य संकाय ने 77.2 प्रतिशत अंक सहित तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 81 69 प्रतिशत रहा, जिसमें रितु पटेल ने 93.5 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए कक्षा में प्रथम, नम्रता साहू ने 91.5 प्रतिशत अंक सहित द्वितीय और ओम साहू ने 89.5 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जारी परीक्षा परिणाम पर संतुष्टि जताते हुए संस्था प्रमुख तारिणी दीवान, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं में मोहन लाल साहू, संजय कुमार ध्रुव, शिव कुमार धीवर, चिंताराम ठाकुर, बाबूलाल साहू, सीमा शाहिद, टिकेश्वरी दीवान, पूर्णिमा साहू, सावित्री धीवर, ममता साहू, धनमत पटेल एवं शाला समिति के सदस्यों में मोहनलाल कुलदीप. भुवन लाल साहू, टेकराम साहू, सरपंच प्रेमीन ध्रुव एवं सभी पालकगण व ग्रामीणजनों ने हर्ष जताया है।

## सैनिक को दी श्रध्दांजलि...





**महासमुंद।** ग्राम खैरा में भूतपूर्व सैनिक स्व. पंकज कुमार चंद्राकर की 12 मई रविवार को प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पूरे अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद और सैन्य प्रशिक्षण ले रहे बच्चों और संवेदना समूह खरोरा के सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण:** पंद्रह दिवसीय प्रांतीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण

# क्षेत्र, प्रदेश और देश के बारे में सोच रखते हैं सशिमं से निकले बच्चे






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रांतीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन सत्र हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में योगेश्वर राजू सिन्हा (विधायक महासमुंद एवं विद्यालय के पूर्व छात्र), मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. देवनारायण साहू (संगठन मंत्री सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर), विशेष अतिथि कमल अग्रवाल (प्रांतीय कोषाध्यक्ष), घनश्याम सोनी (आदर्श शिक्षा मंदिर समिति के अध्यक्ष), भूपेंद्र राठौर (सचिव), राजेश लूनिया (स्थायी सदस्य), महेश मक्कड़ (कोषाध्यक्ष), मानिक लाल साहू (विभाग समन्वयक राजिम), दीपक सोनी (विभाग समन्वयक दुर्ग), रामकुमार साहू (वर्ग के मुख्य शिक्षक), विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पण, तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात कार्यक्रम में अतिथि परिचय मानिक राम साहू द्वारा करवाया गया। इसके उपरांत सभी अतिथियों का स्वागत तिलक, रोली से किया गया।

इस अवसर पर वर्ग का प्रस्तावना रखते हुए गौरी शंकर कटकवार ने कहा कि इस प्रशिक्षण से आचार्य/ दीदीयों के अंदर छुपी हुई प्रतिभा को सामने लाया जाएगा। वर्ग का प्रमुख उद्देश्य आचार्य-दीदियों में कौशलात्मक विकास, ज्ञानात्मक विकास, प्रेरणात्मक विकास के साथ साथ चारित्रिक विकास करना है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो भैया बहन सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़कर निकलते हैं, वह हमेशा अपने क्षेत्र, प्रदेश और अपने देश के बारे में सोचते है। इससे एक नए राष्ट्र का निर्माण हो रहा है। इसी तरह अन्य प्रशिक्षण भी होते रहे, जिससे आचार्य-दीदियों का हर तरह से विकास होता रहे हैं। पश्चात मुख्य वक्ता देवनारायण साहू ने संबोधन में कहा कि हमारा देश को आज विश्व की गुरु के रूप में पहचान मिल गई है। हमारे देश में अनेक देवी देवताओं ने जन्म लिया हैं। अगर इतिहास देखते हैं तो हमारा देश हर क्षेत्र में आगे रहा है, चाहे विज्ञान के क्षेत्र में हो, शिक्षा के क्षेत्र में हो या कला के क्षेत्र में हो, सभी क्षेत्रों में हमारा देश आगे रहा है। अभी वर्तमान में पूरे भारत में चौदह हज़ार सरस्वती शिशु मंदिर स्थापित है। इस प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रांत के 11 विभाग से 105 दीदी आचार्य एवं 11 प्रशिक्षक उपस्थित हुए हैं। अंत में भूपेंद्र राठौर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या एवं प्रांतीय बालिका शिक्षा प्रमुख मनोज साहू ने किया। उद्घाटन सत्र पर प्रशिक्षण प्राप्त करते करने आए हुए एवं विद्यालय समस्त दीदी आचार्य उपस्थित रहे।

## शासकीय हाईस्कूल अचानकपुर का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा 97.67 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड महासमुंद के शासकीय हाईस्कूल अचानकपुर का बोर्ड परीक्षा परिणाम 97.67 प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा दसवी में कुल दर्ज 43 थे, जिसमें 43 बच्चे परीक्षा में प्रविष्ट हुए। 43 बच्चों में से 42 उत्तीर्ण एवं 01 विद्यार्थी पूरक की पात्रता मिली है। विद्यालय में कौशल कुमार पटेल पिता सियाराम पटेल ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दयाशंकर पटेल पिता टीकाराम पटेल 91.83 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय एवं ईश बरिहा पिता राजकुमार बरिहा 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस तरह 28 बच्चे प्रथम श्रेणी में, 14 बच्चे द्वितीय श्रेणी में रहे। इस तरह शासकीय हाईस्कूल अचानकपुर का परीक्षा परिणाम 97.67 प्रतिशत रहा। छात्रों की इस सफलता पर संस्था के प्रभारी प्राचार्य महेंद्र कुमार ठाकुर, विद्यालय के प्रधानपाठक दशरथ लाल ध्रुव, संस्था के परीक्षा प्रभारी मुकेश कुमार प्रधान व्याख्याता, गीतांजी सोनबेर व्याख्याता, नीलकमल ध्रुव सहायक ग्रेड 02, शिक्षिका धनेश्वरी सिन्हा, ओमेश्वरी सिन्हा, रमेश कुमार साहू शिक्षक, पंचूराम ध्रुव, रितु कमार सहायक शिक्षक विज्ञान, यशवंत पटेल, कैलाश सिंह ठाकुर ने हर्ष जताया है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी नीलकमल ध्रुव सहायक ग्रेड 02 हाईस्कूल अचानकपुर ने दी है।

## बच्चों को नैतिक मूल्यों, राजयोग और अच्छे संस्कारों की दी गई शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में आयोजित शिखर समर कैंप लर्न विद फन कार्यक्रम छोटे-छोटे बच्चों के देशभक्ति गीत संगीत डांस, राजयोग, मेडिटेशन के साथ समापन हुआ। मदर्स डे पर बच्चों के माता पिता भी शिरकत किए। 5 से 12 मई तक चले इस कैंप में ब्रम्हा कुमारी सुषमा ने बच्चों को निबंध और भाषण लिखने की कला सिखाई। साथ ही नैतिक मूल्यों की शिक्षा, राजयोग की शिक्षा से बच्चों में अच्छे संस्कारों का समावेश, आर्ट एंड क्राफ्ट की शिक्षा, सोशल मीडिया और मोबाइल से दूर रहने की सलाह बच्चों को दी गई।

कोमाखान सेवा केंद्र से पधारी ब्रम्हा कुमारी डोमेश्वरी ने बच्चों को अपने से बड़ों का आदर कैसे करने का तरीका सिखाया। मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ एन सचदेवा, डॉ स्वाति सचदेवा, डॉ भूपेंद्र लोधी, डॉ चंद्रजीत साहू इस कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों को पुरस्कार वितरित कर उनका मान बढ़ाया। ब्रम्हा कुमारी सुमन ने पाज़िटिव थिंकिंग को और मजबूत रखने का सुझाव दिया, ब्रम्हा कुमारी लता ने बच्चों को आत्मज्ञान और आत्मा के साथ मूल गुणों को धारण करने की सलाह दी। अंत में सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने कहा कि बच्चों के उज्वल भविष्य में माता-पिता का सहयोग बहुत जरूरी है। सभी अतिथियों एवं बच्चों को इस ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग की शिक्षा ग्रहण करने का ईश्वरीय निमंत्रण दिया।



## हायर सेकंडरी स्कूल केजुवां का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**बसना।** छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केजुवा में 10वीं तथा 12वीं का परीक्षा परीणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं में राजेश्वरी साहू ने 90.4 प्रतिशत पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, खिरोदिनी साहू ने 85.6 पाकर द्वितीय तथा कैलाश चौहान 83 पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वी में 38 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में खगेश्वरी साहू ने 83.1 प्रतिशत के साथ प्रथम, समीर यादव ने 79.83 के साथ द्वितीय स्थान तथा सरिता चौहान 75.16 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं में 38 विद्यार्थियों में से 15 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 22 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। छात्रों की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य सीएल पुहुप, वी साहू, मनीषा चौधरी, बीएल पटेल, जेएल गिरी, पुष्पा चौधरी, राजेश चौधरी, चंद्रमणि पटेल, चित्रसेन भोई, लखेश्वर भाई, पुनम चौधरी, कुसुम नेताम, धनेश्वरी साहू, आलोक राठौर, रुद्रा पटेल, शुभम तिवारी, नवीन प्रधान, मीरा वैष्णव, इंदु जगत, रोशनी भोई ने हर्ष जताया है।

# पीड़ित परिवार से मुलाकात करने सेवाती पहुंचे विधायक द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेवाती में हुए निर्मम हत्याकांड के चलते पूरा क्षेत्र सदमे में है। जिस पर शोक संवेदना व्यक्त करने और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सेवाती पहुंचे। जहां पीड़ित परिवार के परिजनों और मृतक की पत्नी तथा माता-पिता से मुलाकात कर उन्हें धैर्य बंधाया तथा मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

पीड़ित परिवार को मुआवजा के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र पीड़ित परिवार के परिजनों से मुलाकात के दौरान मृतक की पत्नी पिंगला घृतलहरे ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई तथा मामले की निष्पक्ष जांच व शासन से मुआवजे की मांग की। जिस पर विधायक यादव ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए इस मामले के निष्पक्ष जांच की मांग की तथा पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए के मुआवजे दिए जाने की मांग रखी। यादव ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि मृतक युवक महेश घृतलहरे अपने परिवार का एकमात्र पालन पोषण करने वाला था। जिसके चले जाने के पश्चात परिवार को भारी क्षति हुई है और आर्थिक विपन्नता देखनी पड़ रही है। वही परिवार में अन्य सदस्यों के अलावा मृतक के खुद की पांच संतानें हैं, जिनके भरण पोषण का दायित्व को भी मृतक के ऊपर था। जिसके कारण परिवार और भी सदमे में है। इसलिए मैं राज्य शासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच की और मृतक के परिवार वालों को 50 लाख रुपए के मुआवजे की मांग करता हूं। मृतक परिवार से मुलाकात करने के लिए प्रमुख रूप से विधायक यादव के साथ-साथ कमल साहू, पूर्व सरपंच राधेलाल बलिहार, बेदराम गायकवाड़, भगत घृतलहरे, अमरदास घृतलहरे, गणेश प्रभाकर, लखन सोनी, सुधारू चौहान, सोनू, सुनीता प्रभाकर, राधा घृतलहरे, बंधु बंजारे, हरीश रात्रे, शोभा बंजारे, सोनसांय गायकवाड़, जनक गायकवाड़, दुष्यंत गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों को मानदेय व प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत 9 वर्षों से नवीन व्यवसायिक पाठ्यक्रम आईटी व हेल्थ केयर संचालित है। जिसके अंतर्गत कक्षा 11वीं तथा 12वीं के सभी विद्यार्थियों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आईटी के विद्यार्थियों को अजय कंप्यूटर्स में 10 दिवसीय प्रशिक्षण के अंतर्गत सरोज कुमार साहू एवं उनके साथियों द्वारा हार्डवेयर रिपेयरिंग, नेटवर्क एवं उसके प्रकार, ऑपरेटिंग सिस्टम, केबल और उसके प्रकार, कैमरा और उसके प्रकार आदि जानकारियां दी और उसे रोजगार के लिए अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया। इंटर्नशिप का उद्देश्य कौशल विकास के साथ छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराना है। इंटर्नशिप करने वाले सभी विद्यार्थियों को मानदेय व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में व्यवसायिक प्रशिक्षिका मति प्रज्ञा लांजेवार ने कार्यक्रम संपादित किया। रेणुका चंद्राकर, किरण साहू, तृप्ति साहू, रंजना राजवंशी, नीलम जांगड़े, निकिता जांगड़े, तारिणी चंद्राकर, सोनम यादव आदि छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। छात्राओं की इस सफलता पर वरिष्ठ व्याख्याता विवेक रहटगांवकर, तोषण गिरि गोस्वामी, संजय मांझी, पूजा साहू, तपस्या शर्मा, खेमलता कंवर आदि ने हर्ष जताया है।

## कन्या स्कूल बिरकोनी का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**बिरकोनी।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला बिरकोनी का वार्षिक परीक्षा 2023-24 परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में 79 छात्र अध्यननरत थे। जिसमें 72 छात्र उत्तीर्ण हुए। नतीजा 91.14 प्रतिशत रहा। प्रथम 22 व द्वितीय 46 व तृतीय स्थान 4 विद्यार्थी रहे। 10 वीं में प्रथम दामिनी चंद्रकर 87.8 प्रतिशत व द्वितीय रागिनी साहू 85.3 प्रतिशत रहे। 12वीं में कुल 86 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुए। प्रथम में 33 छात्र, द्वितीय 49 व तृतीय 4 छात्र हुए। कक्षा 12 वीं में कामर्स के छात्र गीतांजलि साहू ने 84.2 प्रतिशत के साथ प्रथम व खुशी चंद्राकर ने 83 प्रतिशत हासिल कर द्वितीय रहे।

टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेज़र तकनीक द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411